# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–16 अगस्त 2025 सान्ध्य समाचार

प्रदेश भर में आज श्रीकृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मथुरा और वृंदावन में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की विशेष तैयारी की गई हैं। भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर तथा वृंदावन में श्री बांके बिहारी मंदिर, प्रेम मंदिर और इस्कॉन मंदिर सहित सभी मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।

***मथुरा आज सम्पूर्ण बृजमण्डल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की चहुँओर धूम है आज लल्ला के स्वागत के लिए मथुरा वृन्दाबन नगर निगम द्वारा मथुरा–वृंदावन सहित मथुरा के प्रमुख चोराहो को आकर्षित रूप से सजाया गया है, सारे बृज के प्रमुख चोराहो पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भजन कीर्तन चल रहे है ।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी आज श्री कृष्ण जन्मोत्सव में भाग लिया और श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर में पूजा–अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने मथुरावासियों के जीवन को सरल, सुखद और समृद्ध बनाने के उद्देश्य से छह सौ 45 करोड़ रुपये की एक सौ 18 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया।

***हमारे कान्हा के प्रति श्रद्धा का भाव रखता है उन सबको मैं आज इस पावन तिथि की हृदय से बधाई देता हूं और उन सबके लिए अभी मैं श्री कृष्ण कन्हैया के श्री चरणों में ही प्रार्थना करके आया हूं कि उनके जीवन में शुभ और मंगल ही मंगल हो। ये कृपा उनकी सदैव बनी रहे।***

मध्यरात्रि में आज भगवान कृष्ण का अभिषेक किया जाएगा। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस भव्य उत्सव को देखने के लिए दुनिया भर से लोग मथुरा पहुंच रहे हैं। एक रिपोर्ट–

***श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर, भगवान कृष्ण की नगरी मथुरा में भक्ति, आस्था और उल्लास के रंग देखने को मिल रहे हैं। मथुरा के सभी प्रमुख मंदिरों को रंग–बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया गया है। कृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सदस्य गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी ने बताया कि सशस्त्र बलों की वीरता को सम्मान देने के लिए मथुरा कृष्ण जन्मभूमि मंदिर में ऑपरेशन सिंदूर का एक बोर्ड लगाया गया है। साथ ही इस वर्ष जन्माष्टमी पर भगवान कृष्ण सिंदूर फूल बंगले से दिव्य दर्शन देंगे। उन्होंने बताया कि भगवान कृष्ण का अभिषेक मध्यरात्रि में किया जाएगा। भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। ओम अवस्थी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।***

वहीं, वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ और गोरखपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से जुड़ी झांकी लोगों के आकर्षण का विशेष केन्द्र बन रही है।

**********

राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की सातवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। वर्ष 2018 में 16 अगस्त को उनका निधन हुआ था। वर्ष 2015 में उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य केन्द्रीय मंत्रियों और राजनीतिक नेताओं ने राष्ट्रीय राजधानी में उनकी समाधि सदैव अटल पर पुष्पांजलि अर्पित की।

उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के लोकभवन स्थित श्री अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी स्मृतियों को नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी का छः दशक लम्बा राजनीतिक जीवन भारतीय राजनीति को नयी दिशा देने वाला रहा है।

**********

आज पारसी नव वर्ष मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा है कि देश को पारसियों के निरंतर योगदान पर गर्व है। श्री मोदी ने यह भी आशा व्यक्त की कि यह वर्ष सभी के लिए सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आए।

**********

बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश के विभिन्न जिलों में नदियों का जलस्तर बढ़ गया है, राहत और बचाव कार्य जारी है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश के सभी मंत्री अलग–अलग प्रभावित जिलों का दौरा कर राहत सामग्री वितरित करने के साथ ही बचाव कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। इसी क्रम में कन्नौज में आज राज्य मंत्री असीम अरूण ने बाढ़ का जायजा लिया और राहत सामग्री वितरित की। उधर, गर्रा नदी में बैराज से पानी छोड़े जाने की वजह से आगामी चौबीस घंटे में शाहजहांपुर में बाढ़ की स्थिति और भयावह होने की आशंका जतायी गयी है। इसे लेकर प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है।

**********